तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

13 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धा में छात्रों ने...



14 भटगांव के लोक अदालत में 402 मामलों का निराकरण









## कुटुम्ब न्यायालय की खंडपीठ में 22 प्रकरणों का निराकरण किया गया

# नेशनल लोक अदालत में 30001 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2025 में अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को आयोजित की गई। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा किया गया, जिसमें समस्त न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण उपस्थित थे। उपस्थित पक्षकारों द्वारा भी पूजा अर्चना कर नेशनल लोक अदालत में सक्रिय सहभागिता निभाई गई। जिला एवं सत्र न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय भाटापारा, सिमगा, कसडोल में खंडपीठ का गठन किया गया। अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजभान सिंह, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश, राकेश कुमार वर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, संजया रात्रे, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, विवेक गर्ग, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, सतीश कुमार जायसवाल, अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा, अशोक कुमार लाल, अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश, गिरीश पाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रशांत भास्कर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सारिका नंदे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्वेता मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कसडोल, योगिता जांगड़े, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिमगा, अंकिता गुप्ता एवं अंकिता अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भाटापारा की खंडपीठ थी। कुटुम्ब न्यायालय बलौदाबाजार में गठित खंडपीठ, पीठासीन अधिकारी राजभान सिंह द्वारा 22 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

*यादगार बना इस साल का अंतिम लोक अदालत*

### जिला एवं व्यवहार न्यायालयों में खंडपीठ का गठन हुआ



### पति-पत्नी विवाद का समझौते से निपटारा

इसी खंडपीठ का दूसरा सराहनीय पारिवारिक मामला निराकृत हुआ, जिसमें पत्नी ने अपने पति के विरुद्ध भरण पोषण का आवेदन लगाया था, जिसमें पीठासीन अधिकारी द्वारा समझाइस दी गई, जिस पर पति ने शराब की आदत को छोड़ने का वादा अपनी पत्नी से किया और यह भी भरोसा दिलाया कि वह मारपीट व गाली गलौच नहीं करेगा और अपनी सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। इसके कारण पति-पत्नी दांपत्य जीवन में रहने के लिये तैयार हो गये।

### पिता-पुत्र भरण-पोषण प्रकरण का मानवीय समाधान

कुटुम्ब न्यायालय के खण्डपीठ के अधिकारी के प्रयासों से एक ऐसा मामला निराकृत हुआ, जिसमें पिता ने अपने बच्चों के विरूद्ध भरण पोषण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। न्यायालय द्वारा बच्चों को लोक अदालत में समझाइस दी गई, जिसमें उनके बेटे अपने पिता को साथ रखने व देखभाल करने के लिये तैयार हो गये थे। पिता द्वारा अपने आत्मसम्मान को ध्यान में रखते हुये अपने भाई के साथ रहने की इच्छा जताई और यह व्यक्त किया कि 12000 रुपये प्रतिमाह सेवानिवृत्ति के पश्चात उसे पेंशन प्राप्त होता है, जिससे वह अपना भरण पोषण कर लेगा। उसने अपने बच्चों की गलती माफ कर दी और अपना प्रकरण वापस ले लिया।

### लंबित प्रकरण, ट्रैफिक चालान अन्य पीटी प्रकरणों का निराकरण

जिला में न्यायालय में लंबित प्रकरण, ट्रैफिक चालान, अन्य पीटी अफेंस एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 33047 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें से 30001 प्रकरण का निराकरण किया गया है। नेशनल लोक अदालत में उपस्थित पक्षकारों के लिये जिला मुख्यालय के साथ-साथ व्यवहार न्यायालय सिमगा, भाटापारा एवं कसडोल में निःशुल्क चिकित्सा जांच की व्यवस्था की गई थी, जिसका लाभ पक्षकारों द्वारा लिया गया एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं समस्त न्यायाधीशगण द्वारा स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया गया।

### समझौता करने वालों को दिए गए फलदार पौधे

न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा करने वाले सभी पक्षकारों को



मामले के समझौते के पल को स्मृति के रूप में संयोजने के लिये निःशुल्क फलदार पौधों का वितरण किया गया, जिससे पक्षकारों द्वारा पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। समस्त विभाग के उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा भी वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत को यादगार बनाने के लिये फलदार पौधों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

## गुरु घासीदास जयंती पर प्रदेश के सभी रेलवे स्टेशनों में प्रसारित हो पंथी गीत



**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेल, बिलासपुर मंडल के प्रबंधक को एक निवेदन पत्र सौंपते हुए आग्रह किया कि गुरु घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसंबर पर भाटापारा सहित छत्तीसगढ़ के सभी रेलवे स्टेशनों पर पंथी गीत का प्रसारण सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने प्रबंधक को अवगत कराया कि प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को सतनामी समाज सहित समस्त प्रदेशवासी गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाते हैं। बाबाजी के दिव्य उपदेश सत्य, अहिंसा, समानता और मानव सेवा ▶▶ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

# किसानों की समस्याओं को विधानसभा में उठायेंगे साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारतीय किसान संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक इंद्र साव को 6 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपते हुए विधानसभा पटल में रखने का निवेदन किया। विधायक ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा किसानों के साथ ही अन्याय हो रहा है, वे उनकी बातों को सरकार के समक्ष रखेंगे।

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रिकेश साहू के नेतृत्व में विधायक इंद्र साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने आए प्रतिनिधिमंडल में शामिल मंत्री अमेय किरवई, दिनेश्वर वर्मा, शांति लहरी, किरण वर्मा, कामनी वर्मा, कौशल देवांगन और मोहन लहरी ने किसानों की जीविका से जुड़े गंभीर मुद्दों पर उनका ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि उनका संघ चाहता है कि प्रशासन द्वारा स्थापित धान खरीदी केंद्र प्रतिदिन अपनी क्षमता से बहुत कम मात्रा में धान खरीदी कर रहे हैं। इस कारण अभी तक बहुत कम किसान अपना धान बेच पाए हैं। धान ▶▶ शेष पेज 14 पर

- विधायक से मिला किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल
- धान खरीदी में आ रही दिक्कतें गिनाई

### बकाया चौथी किश्त शीघ्र भुगतान की मांग

सूखत के नाम पर 700 ग्राम से अधिक धान नहीं लिया जाए। पंजीयन की प्रक्रिया को जटिल बना देने के कारण अभी भी बहुत से किसान पंजीयन और रकबा सुधार के लिए तहसील कार्यालय या सोसाइटी के चक्कर लगाने विवश हैं। सरकार किसानों के पंजीयन और त्रुटि सुधार की प्रक्रिया को समिति में ही यह सारी सुविधाएं उपलब्ध कराए और पूर्ववर्ती सरकार की धान खरीदी की बकाया चौथी किश्त की राशि शीघ्रातिशीघ्र किसानों के खाते में जमा की जाए।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर

MRP. ₹ ~~999~~ से ₹ ~~1299~~
प्रति पीस वाले
प्रीमियम ब्रांडेड क्वालिटी
डिजिटल प्रिंट
मेन्स कुर्ता
₹333 में प्रति पीस




ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

सिटी सेंटर, भाटापारा
बलौदा बाजार रोड, खरोरा ● इंडस इंड बैंक के सामने, बिलासपुर रोड, सिमगा
*condition apply

# छात्र-छात्राओं ने विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

विकासखण्ड पलारी के अंतर्गत संकुल साराडीह में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक मिडिल स्कूल और हाई स्कूल स्तर के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज आदिल विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार वर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ बीआरसी जेएल जोशी, एबीओ सतीश महेश्वरी, रोहित जायसवाल प्राचार्य, अमित कुमार साहू समन्वयक देवसुंदरा, धनंजय कुमार खरसे संकुल समन्वयक चुचरुंकपुर, संकुल प्राचार्य राजकुमार साहू, समन्वयक मनोज कुमार गायकवाड़, सरोज साहू, नंदनी घृतलहरे, लखन लाल वर्मा, शिक्षक हीरालाल वर्मा, महेंद्र मारकंडे, छन्नूलाल ध्रुव, प्रधान पाठक पुनीत राम सेन, अंजुलता पाठक, रजनी बंजारे, भूमिका वर्मा, प्रधान पाठक रमेश कुमार, तुर्कने चंद्रकांत ध्रुव, प्रधान पाठक सुरेश कुमार बंजारे, भूषण लाल साहू प्रधान पाठक सविता धुरंधर, भेख लाल साहू, वर्षा वर्मा, प्रधान पाठक सहोदरा वर्मा, मोहन दस गायकवाड़, चिंता राम साहू, सरपंच झुमुक लाल साहू, पदुम साहू, हेमलाल साहू, बालमुकंद साहू, जितेंद्र साहू, गजेंद्र साहू सहित शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### साराडीह में संकुल स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन






#### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम

इस प्रतियोगिता में देवसुन्दरा, टीला, सरकीपर, खपरी, परसवानी, साराडीह एवं गाड़ाभाठा स्थित शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। दौड़, कबड्डी, खो-खो सहित अन्य खेलों में बच्चों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया, जिससे खेल मैदान में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

### कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध में समिति प्रबंधकों की ऑनलाइन ली बैठक

# सीमांत किसानों का समिति में टोकन काटने को प्राथमिकता दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को संपर्क केन्द्र से समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की ऑनलाइन बैठक लेकर धान खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने समिति में टोकन कटाने में छोटे एवं सीमांत किसानों को सहूलियत देने हेतु उन्हें प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। इसी तरह समिति एवं उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने देने के भी निर्देश दिये।



कलेक्टर ने रकबा समर्पण की समीक्षा करते हुए इसे प्राथमिकता से प्रतिदिन ऑनलाइन प्रविष्टि करने कहा। उन्होंने कम रकबा समर्पण वाले समिति छेछर, गुमा, कोसमंदी, निपानिया के प्रबंधक एवं ऑपरेटर को किसानों से रकबा समर्पण कराने सहमति लेने और प्रतिदिन ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिये। इसी तरह किसान एवं वाहन का फोटो अपलोडिंग भी प्रतिदिन एप्प में निर्धारित समय पर पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन समितियों में 80 प्रतिशत से अधिक फोटो अपलोडिंग हो रही है उन समितियों का खरीदी लिमिट बढ़ाई जाएगी। उपार्जन केंद्रों में स्थल विस्तार के लिये प्रस्ताव देने कहा ताकि उपार्जन केंद्रों में धान रखने के लिये स्थान उपलब्ध हो। उन्होंने धान उठाव में तेजी लाने के लिये हमालों की संख्या बढ़ाने तथा ट्रक पर निगरानी रखने जीपीएस सिस्टम से ट्रैक करने कहा। इसके साथ ही उड़नदस्ता टीम को भी ज़ीपीएस का एक्सेस देने कहा ताकि कोई गड़बड़ी होने पर समय पर जांच हो सकें। कलेक्टर ने धान बेचने के बाद किसानों को समिति में ही नगद राशि आहरण की सुविधा के लिये सभी समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बिचौलियों एवं कोचियों के द्वारा अवैध धान खपाने की कोशिश को विफल करने सतर्कता बरतने कहा तथा गोपनीय रिपोर्ट देने कहा। बारिश की स्थिति में धान को भीगने से बचाने के लिए निर्णय लिए ।

# 605 बोरी अवैध धान जब्त जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी एवं अवैध धान पर जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को तहसील पलारी एवं भाटापारा में कोचिये से 605 बोरी अवैध धान जब्त किया गया।

जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम लछनपुर में साहेब लाल साहू से 200 बोरी अवैध धान जब्त कर ग्राम कोटवार को सुपुर्दगी में दिया गया। इसी तरह तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम तरेंगा में बिचौलिया मनोज साहू के गोदाम से 405 कट्टा अवैध धान जप्त कर गोदाम को सील किया गया।



कार्रवाई के दौरान एसडीएम पलारी दीपक निकुंज, एसडीएम भाटापारा श्यामा पटेल, तहसीलदार यशवंत राज, नायब तहसीलदार पंकज बघेल सहित मण्डी बोर्ड के अधिकारी मौजूद थे।

# हायर सेकंडरी में हुई अंतरिक्ष ज्ञान अभियान पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलदार सिवनी में 12 दिसम्बर को अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला प्रशासन द्वारा अंतरिक्ष प्रोजेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। प्रमुख वक्ता सुभाष देवांगन हैदराबाद ने बहुत ही व्यापक जानकारी इसरो से संबंधित दी। ड्रीम्स ऑफ यंग महिट्स फाउंडेशन जो कि इसरो द्वारा स्पेस ट्यूटर है के द्वारा कार्यशाला विभिन्न स्कूलों में आयोजित है। जिसमें अंतरिक्ष उपग्रहों की लॉन्चिंग और रॉकेट तकनीकी पर विस्तार से चर्चा की गई।

मंगलयान अभियान जो भारत के अंतरिक्ष अभियान की महत्वाकांक्षी परियोजना थी जिसे ध्रुवीय उपग्रह प्रसेपन यान पी एस एल वी सी 25 के द्वारा सफलतापूर्वक लांच किया गया। चंद्रयान तीन के बारे में बी छात्रों को अवगत कराया गया। जी एस एल वी , ऐ एस एल वी संवर्धित उपग्रह लांच यान, एस एस एल वी के सबंध में प्रश्नोत्तरी विधि से ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन से विद्यार्थियों में अंतरिक्ष के प्रति जागरूकता देखी गई व किस प्रकार से हम इसरो जॉइन कर सकते हैं। यह जिज्ञासा भी विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की।कार्यक्रम में प्राचार्य ईशा रानी खलखो, हरीश देवांगन, कोमल सोंनकेवरा, हेमलता चंद्राकर, जगजीवन राम बांधे, मंजू मिरी, देवेन्द्र चंदन, इंद्रेश मैथिल, धनेश धीवर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## मद्य निषेध दिवस पर 18 को होंगे विविध कार्यक्रम

**बलौदाबाजार।** बाबा गुरु घासीदास जयन्ती पर 18 दिसम्बर को मद्य निषेध दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष भी 18 दिसंबर को जिला स्तर पर मनाया जाना है। मद्य निषेध दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम, नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत प्रसारित दिशा-निर्देश, शपय कार्यक्रम, ग्राम पंचायतों में सचिवों के द्वारा नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम, संबंधित विभागों द्वारा नशापान के विरुद्ध समुचित कार्यवाही, नशा मुक्ति साहित्यों का वितरण, नशा तया एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार, विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाना, इसके अतिरिक्त स्थानीय संस्कृति एवं परम्पराओं के अनुरूप अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

# साय सरकार के दो साल को कांग्रेस ने बताया विफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में साय सरकार के दो साल पूरे होने पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने एक बयान जारी कर राज्य की स्थिति खराब होने का आरोप लगाया है। उन्होंने सरकार पर कई मोर्चों पर विफल रहने और जन-विरोधी फैसले लेने का दावा किया।

■ राज्य की बदहाली का लगाया आरोप, बिजली, धान खरीदी पर साधा निशाना

सुरेन्द्र शर्मा ने सबसे बड़ा आरोप बिजली के मुद्दे पर लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट तक बिजली बिल आधा योजना को न सिर्फ़ बंद कर दिया गया, बल्कि तीन बार बिजली बिल में बढ़ोतरी की गई है।

स्मार्ट मीटर लगाए जाने से खपत की रफ़्तार /"स्मार्ट तरीके से/" बढ़ा दी गई है, जिससे उपभोक्ता बिजली बिल देखते ही /"करंट/" लगने जैसा महसूस कर रहे हैं।एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य करने के कारण लगभग दस प्रतिशत किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया। ऑनलाइन टोकन कटवाने के लिए ज़्यादातर किसान सेवा केंद्र पर निर्भर हैं, जो खुलते ही बंद हो जाते हैं, जिससे किसान धान तैयार कर उसकी रखवाली करने के लिए मजबूर हैं। सुरेन्द्र शर्मा ने संपत्ति रजिस्ट्री के नियमों में बदलाव को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा पूर्व सरकार में भूमि का मूल्यांकन स्थिर था और छोटे प्लॉट की भी रजिस्ट्री हो रही थी, जिससे रियल एस्टेट और किसान सुविधा पूर्वक खरीद-फरोख्त कर पा रहे थे। साय सरकार ने अनाप शनाप दाम बढ़ा दिए हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री का खर्चा सुनकर लोग वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह अद्भुत सरकार है स्कूल बंद कर रही है और शराब दुकान खोल रही है। शराब के दाम कम कर रही है और बिजली के दाम बढ़ा रही है। हत्या, चोरी, चाकूबाजी, अवैध नशे का व्यापार आम बात है, और आए दिन बलात्कार की घटना सुनाई देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधी जाग रहे हैं और सरकार सो रही है।

#### धान खरीदी और किसान की मुश्किलें

कांग्रेस प्रवक्ता ने किसानों के साथ किए गए वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए कहा भाजपा ने 3100 क्विंटल के भाव से धान खरीदी का वादा करके किसानों का वोट ले लिया, लेकिन अब धान खरीदी में इतने किंतु परंतु हैं कि किसान सिर पीट रहा है। उन्होंने एक किसान द्वारा गला रेत लेने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का भी जिक्र किया।

### सामाजिक लोगों की उपस्थिति में रिक्त पदों पर मनोनयन

# केंवट निषाद समाज के संगठन का हुआ विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

केवंट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण अंतर्गत परिक्षेत्र चंगोरी के केवट/निषाद समाज के स्वजातीयजनों के पदों पर मनोनयन विस्तार बैठक 11 दिसम्बर को आयोजित लवन के आदित्या रेस्टोरेंट में हुई। इसमें चंगोरी परिक्षेत्र के विभिन्न गांवों से स्वजातीयजनों सहित महिला शक्ति की उपस्थिति रही। चंगोरी परिक्षेत्र के नव मनोनीत अध्यक्ष गोलू कैवर्त्य, सचिव चंद्रप्रकाश, कोषाध्यक्ष बिसाहू कैवर्त्य सहित स्वजातीयजनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम समाज के आराध्य भगवान श्रीराम चंद्र के आराधना स्तुति के साथ हुआ। नव मनोनीत अध्यक्ष ने सामाजिक न्याय व्यवस्था सहित सुदृढ़ता पर प्रकाश डालते कहा कि समाज में सभी को भाइचारे समन्वय बनाने के दिशा में काम करते हुए समाज की कुरूतियों को दूर कर आत्मनिर्भर समाज की नींव रखने में सभी को योगदान देना है।



कार्यक्रम में सामाजिक जनों की उपस्थिति में शेष बचे हुए पदों पर मनोनयन किये गए। नए पदों पर मनोनयन में उपाध्यक्ष बंशीलाल सिरयाडीह परदेशी हर्दी, सह सचिव उतरा खैदा भुवन तुरमा, संरक्षक महामंत्री गनपत सेमरिया आनंद सुनसुनिया साहेब लाल सुनसुनिया, संगठन महामंत्री कन्हैया तुरमा, महावीर दतान, छतराम फैसला बलराम बाजार भाड़ा, अंकेक्षण प्रहलाद तिल्दा, मिडिया प्रभारी ललित सुनसुनिया दिनानाथ अमलीडीह, संगठन सचिव तुलसी गंगई, सलाहकार मनीष सोलहा दिनेश कोयदा, राजकुमार हरदी, प्रवक्ता लीला राम बजार भाठा गुरुदयाल, संचालक लेखराम टेमरी, गणेश सेमरिया, कार्यालय प्रभारी जयराम चगोरी, सममेलाल पैसर, प्रचार सचिव संजय सुनसुनिया, पुरषोत्तम अमलीडीह, बयवथापक रामदयाल दतान, जीवकुमार दतान, गणेश राम पुराना गंगई, चपरासी मोतीलाल चगोरी, हरिशंकर अमेठी, सरकील मनीराम अमेठी, दुखीराम कैलासगढ, सरंक्षक अशोक कैवर्त्य डोंगरीडीह, संगठन प्रभारी बसंत कैवर्त्य सिरियाडीह सहित महिलाओ में महिला उपाध्यक्ष परमेशवरी-बलराम, सरीखा-अशोक, संगठन सचिव अंबिका चगोरी, चम्पा सेमरिया, संगठन महामंत्री ईशवरी-लीलाराम प्रभा लवन, संगठन सलाहकार इंदिरा बिसाहु सोलहा, प्रवक्ता निर्मला-बसंत सिरियाडीह सहित अन्य पदाधिकारी मनोनित किए गए।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन 19 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 19 से 22 दिसंबर 2025 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय की बैठक हुई।

बैठक में मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र ने बताया कि 19 दिसंबर 2025 को पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। 20 दिसंबर को गणित मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित होगी। 22 दिसंबर 2025 को वाद विवाद, राष्ट्रीय गणित दिवस एवं पुरस्कार वितरण आयोजित होगी। सभी कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र, डॉ अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान, डॉ जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, अतिथि व्याख्याता टीकम साहू, डॉ प्रिया बारीक, नम्रता तंबोली, रुपावती, रोहिणी देवांगन, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी, पूजा यादव, प्रकाशमणि साहू उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम कोल्दा सेवाती के एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले की जांच के बाद तेंदूकोना थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मर्ग क्रमांक 30/2025 धारा 194 बीएनएसएस के मृतक देवकुमार साहू पिता बंशीलाल साहू निवासी ग्राम कोल्दा सेवाती के शव का विधिवत मर्ग पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मृतक के परिजन पूर्णिमा साहू पति मृतक देवकुमार साहू, ओमप्रकाश साहू पिता स्व. देवकुमार साहू, तुलाराम साहू पिता बंशीराम साहू, कोमल चंद साहू पिता बंशीराम साहू के अलावा गवाहों का कथन लिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि आरोपी गिरवर चक्रधारी द्वारा मृतक देवकुमार साहू के नाबालिग पुत्र पर पैसा चोरी का झूठा आरोप लगाया गया और शर्ट उतरवाकर कुर्सी पर अपने आंगन में बिठाकर अपमानित किया गया। अपमानित होने के बाद आरोपी द्वारा चोरी हुआ पैसा मिल गया है बताया गया। इसी बात को लेकर आरोपी गिरवर चक्रधारी और मृतक देवकुमार साहू के बीच विवाद हुआ। इस दौरान आरोपी द्वारा मृतक को सार्वजनिक रूप से दो झापड़ मारा गया, जिससे मृतक को ग्लासनि हुई और उसने आत्महत्या करने की नीयत से धान में डालने वाले जहरीली दवा को पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संपूर्ण जांच में आरोपी गिरवर चक्रधारी के द्वारा मृतक देवकुमार साहू को आत्मजहत्यार हेतु दुष्प्रेरित करना पाया गया और उसके विरूद्ध धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### चार प्रकरणों में 2112 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध रबी एवं खरीफ धान के संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध किए जा रहे सख्त कार्रवाई के क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में राजस्व, मंडी विभाग एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के विभिन्न तहसीलों में की गई कार्रवाई के दौरान अब तक कुल 2112 कट्टा धान जब्त किया गया है। विकासखंड सरायपाली अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में ग्राम बारडोली में रवि फसल का 95 कट्टा धान जब्त किया गया। वहीं ग्राम चनाट में कार्रवाई करते हुए 267 पैकेट अवैध रबी धान पकड़ा गया। इसके अलावा रात्रिकालीन गश्त के दौरान सराईपाली–सरसिवा मार्ग पर बगयीजोर के पास धान से लदे 5 वाहन जिसमें 4 माजदा एवं 1 छोटा हाथी जब्त किए गए। इन वाहनों से कुल 750 पैकेट, लगभग 300 क्विंटल धान बरामद किया गया, जिसे थाना सरायपाली की सुपुर्दगी में दिया गया है। वहीं विकासखंड पिथौरा अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजरंग वर्मा के नेतृत्व में ग्राम टोंगोपथरा में धनुर्जय साहू के निवास पर छापेमारी के दौरान लगभग 1000 कट्टा धान का अवैध संग्रहण पाया गया। उक्त धान को जब्त कर कृषि उपज मंडी पिथौरा को सुपुर्द किया गया।

### गुरु घासीदास बाबा की जयंती पूर्व विशाल शोभायात्रा का कांग्रेसजनों ने किया स्वागत

**महासमुंद।** सतनाम पंथ के प्रवर्तक, मानवता, सत्य और समानता के संदेशवाहक गुरु घासीदास बाबा की जयंती के पूर्व नगर में निकाली गई विशाल शोभायात्रा का जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक में आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का आतिशबाजी, फूल-मालाओं से अभिनंदन कर तथा श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान नेहरू चौक जयघोष और बाबा घासीदास के संदेशों से गुंजायमान रहा। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि घासीदास बाबा ने समाज को सत्य, अहिंसा, समानता, भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया। उनका "मनखे-मनखे एक समान" का संदेश आज भी समाज के हर वर्ग को जोड़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू , कृष्णा चंद्राकर आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### स्टेट बैंक आफ इंडिया ने छात्रों का निःशुल्क खाता खोला

**खरोरा।** हाई स्कूल मांठ में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा खरोरा द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना के लिए निःशुल्क बैंक खाता खोलने दो दिवसीय शिविर लगाया गया, जिसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा खरोरा के कर्मचारी मनोज कुमार निषाद, दुर्गेश धीवर और दुर्गेश ध्रुव उपस्थित थे। हाईस्कूल मांठ के प्राचार्य सुशीला वर्मा ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक राज किशोर सिंह के प्रति आभार जताया।

### नवीन महाविद्यालय वटगन में प्रायोगिक परीक्षा 16 और 20 को



**पलारी।** नवीन महाविद्यालय वटगन के प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे ने प्रेस को जानकारी दी कि एनईपी सेमेस्टर सिस्टम प्रायोगिक मुख्य परीक्षा 16 दिसम्बर को बीए तृतीय सेमेस्टर, विषय भूगोल का आयोजन किया जाना है, जिसमें आंतरिक परीक्षक शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहायक प्राध्यापक- भूगोल होंगे एवं 20 दिसंबर को बीएससी प्रथम सेमेस्टर, विषय प्राणीशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया जाना है, जिसमें आंतरिक परीक्षक लिमेश कुमार वर्मा अतिथि व्याख्याता प्राणिशास्त्र होंगे। दोनों प्रायोगिक परीक्षाओं का समय सुबह 8.30 बजे से रखा गया है, जिसमें संबंधित विषय के अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राएं अपनी प्रैक्टिकल रिकॉर्ड्स के साथ उपस्थित होंगे।

### अश्वनी का पुलिस में चयन



**पलारी।** उच्च माध्यमिक विद्यालय वटगन के छात्र रहे अश्वनी साहू का पुलिस में चयन हुआ। इससे विद्यालय में हर्ष का माहौल है। वे कोडिया के निवासी है तथा राजनांदगांव में प्रशिक्षण लेंगे। पुलिस में चयन होने पर अश्वनी साहू ने वटगन विद्यालय में अपने शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मिठाई खिलाकर ख़ुशी जाहिर की।

### हिन्दू सम्मेलन अमेरा मंडल में 15 को



**अमेरा।** ग्राम अमेरा में 15 दिसंबर को हिन्दू सम्मेलन होने जा रहा है। कार्यक्रम आयोजन के लिए बैठक आयोजित की गई और कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार की गई। मुख्य वक्ता श्रीराम अरावकर राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री विद्या भारती होंगे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे गुड़ी चौक अमेरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डॉ. अजय राव, गजानंद त्रिवेदी, मनहरण फेकर, मोतीलाल पटेल, जय कुमार पटेल, टुकेश्वर यादव, तिरीथ राम साहू, घनश्याम पटेल, हेमराम साहू, उत्तम फेकर, शंकर साहू, कल्याण वर्मा, गणेश देवांगन, राजेश बघेल उपस्थित थे।

### नशे की हालत में हमाल से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नशे की हालत में मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को देवनारायण ठाकुर बताया कि काम कर वापस अपने छोटे भाई दुलार ठाकुर एवं गांव के ओमन, नेपाल, भूषण के साथ घर आ रहा था। रास्ते में कोमाखान पेट्रोल पंप में पेट्रोल डलवाकर टोंगोपानी जा रहे थे,तभी पंप के सामने सड़क में शाहिल खान एवं रिंकू चंद्राकर उन लोगों को शराब के नशे में बेवजह गाली गलौज करने लगे।

# क्षेत्र में बड़ी संख्या में संचालित हो रहे ईंट भट्ठे, नियमों को दिखा रहे ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में शासन की अनुमति के बिना लाल ईंट निर्माण का कार्य खुलेआम किया जा रहा है। क्षेत्र में संचालित अधिकांश ईंट भट्ठे नदी एवं नालों के तटों के समीप लगाए गए हैं, जिससे नदी तट की मिट्टी का अवैध दोहन हो रहा है। वहीं, हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर लकड़ी का उपयोग ईंधन के रूप में किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है। संबंधित विभागों को अवैध ईंट भट्ठों की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभागीय अधिकारी स्टाफ की कमी का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं। जबकि राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा लाल ईंट निर्माण पर रोक लगाई गई है, इसके बावजूद क्षेत्र में धड़ल्ले से लाल ईंटों का निर्माण जारी है।

सैकड़ों अवैध ईंट भट्ठे, फिर भी कार्रवाई शून्य

विकासखंड क्षेत्र में सैकड़ों लाल ईंट भट्ठे संचालित हैं, जिनमें से एक भी भट्ठा नियमों के अनुसार संचालित नहीं किया जा रहा है। नियमों के तहत प्रत्येक वर्ष अनुमति का नवीनीकरण अनिवार्य है, लेकिन कई संचालकों ने वर्षों से नवीनीकरण नहीं कराया है। इस संबंध में राजस्व एवं खनिज विभाग को जानकारी होने के बावजूद अब तक किसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## राजस्व और खनिज विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई





### कार्रवाई की मांग

कसडोल तहसील के ग्राम थरहिडीह, मड़कड़ा, मल्दा, पिकरी, छेछर, भद्रा, सिनोधा, खर्वे, दर्रा, मालीडीह, कोसमसरा, बिलारी तथा टुंड्रा तहसील के ग्राम कुम्हारी, खपरीडीह, टुंड्रा, मोहतरा, कोटियाडीह, हसुआ, बलौदा, धमलपुर में अवैध ईंट भट्ठों की संख्या अधिक बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध ईंट भट्ठों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि पर्यावरण, स्वास्थ्य और शासन के राजस्व की रक्षा की जा सके।


## अनियमितता पर ग्रामीणों ने उठाई आवाज, 33 करोड़ में हो रहा निर्माण

# पड़कीडीह - हिरमी मार्ग निर्माण में काली और पीली मिट्टी का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला







राजधानी रायपुर से जोड़ने वाली 33 करोड़ 29 लाख से पड़कीडीह से हिरमी तक बनने वाले लगभग 15 किलोमीटर मार्ग के जीएसबी लेयर में मुरूम अथवा मिक्स गिट्टी के स्थान पर कहीं काली तो कहीं पर पीली मिट्टी डालने से निर्माण कार्य के प्रारंभ में ही अनियमिता दिखाई पड़ने लगी है। क्षेत्र के लोगों द्वारा लगभग 20 साल से मांग किए जाने के बाद मुश्किल से स्वीकृति मिली और प्रति किलोमीटर के लिए लगभग 2 करोड़ रुपए की राशि मिलने के बावजूद इस महत्वपूर्ण मार्ग में ठेकेदार द्वारा पीडब्ल्यूडी और माईनिंग विभागों को ताक पर रखते हुए कार्य किया जा रहा है। वह भी तब जब बनने वाले सड़क मार्ग से महज 2 किलोमीटर दूर पर्याप्त मात्रा में मुरूम उपलब्ध है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि डाली जा रही मिट्टी से सड़क की गुणवत्ता काफी प्रभावित होगी और टिकाऊ नहीं रह पाएगा और हमें कुछ ही समय बाद फिर से वही परेशानी का सामना करना पड़ेगा, जिस प्रकार आज कर रहे हैं।ठेकेदार द्वारा मार्ग निर्माण के लिए एक तरफ गहरीकरण के नाम पर बिना माईनिंग लीज के कसहीडीह के तालाब की मिट्टी निकाली जा रही है और मुफ्त में मिल रही मिट्टी के कारण तालाब को लगभग 10 फीट उर्ध्वाकार गहरा कर दिया गया है जिससे न केवल मानव जाति बल्कि मवेशियों के भी गिरने से गंभीर दुर्घटना की आशंका है। उक्त संबंध में सवाल किए जाने पर ठेकेदार के मैनेजर एस एम अंसारी ने कहा कि मिट्टी खुदाई में रॉयल्टी की कोई आवश्यकता नहीं होती और हम गांव वालों के कहेनुसार तालाब को गहरा कर रहे हैं, जबकि बैसाखू बंजारे सहित गांव के ग्रामीण प्रतिनिधि के सामने उन्हें साफ चेताया कि हमने चारों तरफ श्लोभ बनाने कहा है। माइनिंग विभाग अथवा जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद यदि यहां से मिट्टी निकल जाने की मनाही हुई, उसके बाद भी ठेकेदार को श्लोभ बना कर देना होगा।

### इंजीनियर ने जांच की

स्वयं मार्ग निरीक्षण में गए थे, डाली जा रही पीली और काली मिट्टी को हमारे इंजीनियर द्वारा टेस्ट किया गया है।

\- आरके साहू, एसडीओ
पीडब्ल्यूडी विभाग, भाटापारा

# भटगांव के लोक अदालत में 402 मामलों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के अध्यक्ष व्यवहार न्यायाधीश पुनीत राम गुरूपंच द्वारा 13 दिसंबर को इस वर्ष का अंतिम चौथा वृहद नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित सभी पक्षकारों, सदस्यगणों को लोक अदालत एवं विधिक सहायता और विभिन्न नियमों व अधिनियमों के सम्बंध में विधिक जानकारी दी गई।

व्यवहार न्यायालय भटगांव में आयोजित वृहद नेशनल लोक अदालत में कुल 431 लंबित प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया था, जिसमें से कुल 402 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों का निराकरण हुआ। इस वर्ष के आयोजित उक्त चौथे बृहद नेशनल लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, बिजली विभाग द्वारा ऋण वसूली का कैम्प लगाया गया था। न्यायालय परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग भटगांव के संतोष कुमार टण्डन, ग्रामीण चिकित्सा सहायक विजय बंजारे ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा पक्षकारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सुलहकर्ता अधिवक्ता के रूप में अधिवक्ता डीपी कुर्रे व रोहित बघेल उपस्थित हुए तथा न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण सभी अधिवक्तागण लोक अदालत के सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा।

## कड़ाके की ठंड से स्कूल संचालन का समय बदला

**बलौदाबाजार।** जिले में पड रही अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहर के कारण जिले में संचालित हो रहे समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो पाली में संचालित होने वाले स्कूलों में प्रथम पाली सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 से 11.30 बजे तक, शनिवार को प्रातः 11.45 बजे से अपरान्ह 4.30 बजे तक। द्वितीय पाली में सोमवार से शुक्रवार प्रातः 11.45 से 4.30 बजे तक, शनिवार को प्रातः 8 बजे से 11.30 बजे तक। एक पाली में संचालित शालाएं सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 से 4 बजे तक, शनिवार को 8 से 11.30 बजे तक संचालित होंगी।

# शीतकालीन खेल शिविर में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



एनजीओ खुशहाल बचपन, कारितास इंडिया के तत्वावधान में पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में शीतकालीन खेल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छड़िया, आलेसूर, भेजरीडीह एवं सिर्री ग्रामों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल शिविर के अंतर्गत खो-खो, कबड्डी, चम्मच दौड़ एवं फुगड़ी जैसे विविध पारंपरिक एवं खेलात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनके उत्साहवर्धन और आपसी सहयोग की भावना को विकसित करना रहा।

प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि ऐसे खेल आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए तथा सभी बच्चों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था भी की गई, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खुशहाल बचपन टीम, कारितास इंडिया से जिला समन्वयक रुकसाना खान, समुदाय समन्वयक सरिता मधुकर एवं कुसुमलता, तथा अकादमिक मेंटर सुभाषिनी, लिलेश्वरी, उत्तम, भुनेश्वरी, चंद्रिका, दमानी, गीतांजलि एवं ईशा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही कम्युनिटी एक्शन ग्रुप से मीना धीवर, ललिता टंडन, सावित्री यादव, भुनेश्वर सोनवानी एवं दिव्या वर्मा का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# धान विक्रय प्रक्रिया हुई सरल, अब दिन-रात कभी भी मिलेगा तुहर टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- धान खरीदी को आसान बनाने की दिशा में राज्य सरकार का निर्णायक कदम

प्रदेश के किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे।

अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसानों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें। किसानों की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तूहर टोकन ऐप को 24×7 खोलने और समय की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। अब किसान बिना किसी दबाव के, अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों के लिये टोकन की अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों को वास्तविक राहत देगा।

## टोकन, बारदाना और खरीदी के संबंध में किसानों से चर्चा की

# धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण में किसानों से रुबरु हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने भटगांव, सालिहाघाट, जोरा और सलोनीकला धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से सीधे बातचीत कर टोकन, तौल, धान गुणवत्ता और समिति द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

किसान छतराम साहू ने बताया कि उनके पास 3 एकड़ खेत है और उन्होंने 151 कट्टा धान बेचा है। कलेक्टर ने टोकन संबंधी समस्या पूछने पर किसान ने बताया कि टोकन की कोई दिक्कत नहीं है। आज 49 किसानों का टोकन कट चुका है तथा केंद्र की खरीदी लिमिट भी बढ़ा दी गई है।

कलेक्टर ने आसपास के गांवों से आए किसानों से भी चर्चा की और समिति प्रबंधक से पूछा कि कहीं तौल में अतिरिक्त धान तो नहीं ली जा रही, समिति प्रबंधक ने कहा कि अधिक धान नहीं ले रहे हैं। कलेक्टर ने किसानों को बताया कि प्रदेश में जिले की धान खरीदी 25% पूरी हो चुकी है और हम राज्य में चौथे स्थान पर हैं। टोकन काउंटर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सहज टोकन सिस्टम का अवलोकन किया। समिति प्रबंधक को फटे व खराब बोरों का उपयोग न करने तथा उन्हें तुरंत वापस करने के निर्देश दिए गए। सालिहाघाट धान खरीदी केंद्र में किसान निर्मल व फिरतराम ने बताया कि उन्होंने मोबाइल ऐप से टोकन कटाया है और कोई समस्या नहीं है।

**सलोनीकला धान खरीदी केंद्र में हमाल बढ़ाने के निर्देश दिए:** सलोनीकला धान मंडी में कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर खरीदी व्यवस्था की जानकारी ली। किसान नान दाऊ चंद्र ने बताया कि मंडी में हमाल की कमी है। इस पर कलेक्टर ने मंडी प्रभारी को अतिरिक्त हमाल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि तौल प्रक्रिया पारदर्शी हो और साफ-सुथरा धान ही लिया जाए।

## पेज 11 के शेष

### किसानों की समस्याओं ...

खरीदी पर लगे इस बंधन को हटा कर केंद्रों की क्षमता के अनुसार धान खरीदी की जाये। किसान को दिए जाने वाले टोकनों की संख्या की कमी को देखते हुए उनकी मांग है कि दो एकड़ तक के किसानों के लिए 2 टोकन दिये जाएं, 2 से 10 एकड़ के किसानों के लिए 3 टोकन एवं 10 एकड़ से ऊपर के किसानों को 4 टोकन दिये जाएं। वर्त्तमान में 70 प्रतिशत टोकन एप द्वारा ऑनलाइन माध्यम से और केवल 30 प्रतिशत टोकन ही सोसाइटी में दिए जा रहे हैं, परन्तु धान खरीदी एप तुहर टोकन की समस्याओं के कारण बहुत से किसान टोकन लेने में असफल रहे हैं। हमारी मांग है टोकन वितरण के इस अनुपात को 50-50 प्रतिशत किया जाय, जिससे किसानों को टोकन मिलने में असुविधा न हो। विधायक इंद्र साव ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर पूर्णतया सहमति जताते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वे खुद एक किसान परिवार से हैं और किसानों की समस्या से अच्छी तरह वाकिफ है, वे निश्चित रूप से आप के इन मुद्दों को विधानसभा पटल पर मुखर रूप से उठाएंगे।

### गुरु घासीदास जयंती ...

— समाज को एकता के पथ पर अग्रसर करने की प्रेरणा देते हैं तथा जनकल्याण की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं।उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर रेलवे स्टेशनों में राज्य गीत के प्रसारण की पहल को जनमानस से अत्यधिक सराहना मिली। इसी सकारात्मक भावना को आगे बढ़ाते हुए, गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर पंथी गीत का प्रसारण किए जाने से उनके प्रेरणादायी विचार न केवल यात्रियों तक पहुंचेंगे, बल्कि सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव को भी सुदृढ़ करेंगे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
12 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
शोले री रीलीज
शो समय - 11:45 PM
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:00, 6:45, 9:00 PM
किस किस को प्यार करू- 2
शो समय - 3:45 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# स्कूल परिसर में फैली फरा, चीला, ठेठरी-खुरमी, बरा और सोहारी की खुशबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



विकास खण्ड के सुतीरकुली संकुल अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और खान-पान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत छुईहा के सरपंच धनीराम बंजारे रहे। विशिष्ट अतिथि राजकुमार जांगड़े एवं टिकेश्वर सोनवानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानपाठक अरुण कुमार टण्डन ने की। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की उपयोगिता, पोषण मूल्य और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अपनी लोक-संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन त्रिलोक हरिप्रिय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने फरा, चीला, ठेठरी-खुरमी, बरा, सोहारी, भजिया, गुलगुला भजिया, चिला, तिल लाडू,मुर्रा लाडू, गुझिया,सहित विभिन्न पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा स्वाद, प्रस्तुति और पारंपरिकता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति जागरूकता और गौरव की भावना जगाने में सफल रहा।

## वार्षिक उत्सव पर छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**खरोरा।** केडीएम स्कूल, कोसरंगी में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य गुरु सौरभ साहेब, गुमा सरपंच हीराराम साहू, विनय वर्मा, ओम ग्रुप एवं कवि व सेवानिवृत्त प्राचार्य जुगेश चंद्रदास की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं पी एन साहू, विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम सफल रहा।

## खबर संक्षेप

### खैरझिटी में लगा एनएसएस का एक दिवसीय कैंप



**बिलाईगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय के एन एस एस इकाई द्वारा ग्राम खैरझिटी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटी के परिसर एवं ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी स्वयंसेवकों ने पांच दलों में विभाजित होकर अलग-अलग स्थानों की साफ सफाई की तथा ग्रामीणों में जागरूकता लाने का कार्य किया। इसके अलावा स्वयंसेवकों के साथ स्कूली छात्रों ने खेल कूद तथा योग व्यायाम किया। इस अवसर पर बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि सरपंच दिलकुंवर सुनील जांगड़े एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डॉ. उमाकांतत्याश्र, नरेंद्र राकेश (ज भा शिक्षक) उपस्थित थे। कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## निधन

### सहसराम साहू



**पलारी।** ग्राम पंचायत छड़ीया निवासी 95 वर्षीय सहसराम साहू का निधन हो गया। बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे जयलाल साहू, सीताराम साहू के पिता तथा झालीराम साहू, खोभराज साहू, धर्मेंद्र साहू के चाचा थे।

### 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा नेता शिवरतन शर्मा

# गायत्री महामंत्र वेदों और हमारी सनातन परम्परा का है महत्वपूर्ण मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित शक्ति संवर्धन 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए।

उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गायत्री परिवार के सदस्यों ने देश को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है, क्योंकि कोई भी देश तभी मजबूत हो सकता है, जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परम्पराओं में है। गायत्री परिवार के सदस्य धर्म जागरण का कार्य कर रहे हैं।

शिवरतन शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ माता कौशिल्या की धरती है तथा भगवान श्रीराम का ननिहाल है। गायत्री महामंत्र वेदों का और हमारी सनातन परम्परा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह हमें सन्मार्ग की ओर चलने की प्रेरणा देता है।

शिवरतन शर्मा ने कहा की गायत्री यज्ञ एक शक्तिशाली और वैज्ञानिक अनुष्ठान है, जो मां गायत्री (प्रकाश और ज्ञान की देवी) और सूर्य देव की आराधना के लिए किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर शुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा का संचार, मानसिक शांति और विश्व कल्याण है, जो स्वस्थ जीवन, सफलता और आत्म-उन्नति प्रदान करता है और वातावरण को शुद्ध करता है।

उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी लाभकारी माना जाता है, जिसमें पवित्र मंत्रों जैसे 'ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात' के साथ घी और अन्य सुगंधित सामग्री की आहुतियां दी जाती हैं, जिससे सकारात्मक सूक्ष्म वातावरण बनता है।

### गायत्री परिवार इंसान के अंदर देवत्व की भावना को जगाता है



कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के उप कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को जीवन एक स्वर्णिम अवसर के रूप में मिला है, जिसे अच्छे उद्देश्य में लगाना चाहिए। गायत्री परिवार इंसान के अंदर देवत्व की भावना को जगाने वाला परिवार है। यज्ञ हमें श्रेष्ठ कर्म की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने गायत्री परिवार के सदस्यों को आह्वान किया कि वे समाज से नशे की बुराई को दूर करने के लिए लगातार प्रयास करें। महायज्ञ कार्यक्रम में वहां उपस्थित वशिष्ठगण, गणमान्य अतिथियों एवं सभी वरिष्ठजनों को गायत्री मंत्र दुप्पटा भेंट एवं गुरुदेव का साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सुनील दोबारा बने जिला साहू संघ के अध्यक्ष, 96 मतों से जीते



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

जिला साहू संघ बलौदाबाजार का चुनाव शुक्रवार को साहू छात्रावास भवन में संपन्न हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष, पुरुष उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, पुरुष संगठन सचिव और महिला संगठन सचिव कुल पांच अहम पदों के लिए मतदान हुआ। सभी पदों पर दो-दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होने से चुनाव बेहद रोचक रहा। कुल 665 मतदाताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर अपने पसंदीदा प्रत्याशियों को समर्थन दिया।

- पुरुष उपाध्यक्ष पद के लिए राजाराम ने 383 मत प्राप्त कर जीत हासिल की

अध्यक्ष पद के लिए सुनील साहू एवं महेंद्र मोनू साहू के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। मतगणना के बाद सुनील साहू ने 374 मतों के साथ स्पष्ट बढ़त हासिल की, जबकि महेंद्र मोनू साहू को 278 मत मिले। इस प्रकार 96 मतों के बड़े अंतर से सुनील साहू ने दूसरी बार अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।

पुरुष उपाध्यक्ष पद के लिए राजाराम साहू ने 383 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि लेखराम साहू को 266 मत मिले। राजाराम साहू की यह जीत उनके सामाजिक कार्यों और संगठन में सक्रिय भूमिका का परिणाम मानी जा रही है। महिला उपाध्यक्ष पद के चुनाव में संध्या राजेश साहू ने 407 मत हासिल किए। सत्यभामा साहू को 248 मत प्राप्त हुए। सुशील साहू ने पुरुष संगठन सचिव पद में 374 मत पाकर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कमलेश साहू को 278 मत मिले। सुशील साहू की जीत को संगठन में उनकी निष्ठा और कार्यकुशलता का सम्मान माना जा रहा है। महिला संगठन सचिव पद के लिए अनुपा साहू ने 416 मत प्राप्त करते हुए बड़ी बढ़त हासिल की। अनुसूइया साहू को 234 मत मिले।

जीत के बाद सुनील साहू ने समाज के सभी मतदाताओं, वरिष्ठों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनके पिछले कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों और संगठन को मजबूत बनाने के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले कार्यकाल में भी सामाजिक उत्थान, संगठन की मजबूती और नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला साहू संघ का यह चुनाव समाज में नई ऊर्जा का संचार कर गया है। नए पदाधिकारियों के चयन के साथ संगठन की आने वाली गतिविधियों को लेकर समाज में उत्साह और उम्मीद की लहर देखी जा रही है।

# कलेक्टर ने किया हायर सेकडरी स्कूल का निरीक्षण

**भटगांव।** नगर भटगांव से लगे ग्राम जोरा में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने हायर सेकंडरी स्कूल जोरा का निरीक्षण किया, जहां बच्चों का यूनिट टेस्ट चल रहा था। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों के प्रश्न पत्र और उत्तर पत्र को



पढ़ा। कलेक्टर ने सभी 10वीं और 12वीं बोर्ड के बच्चों को पिछले साल से अच्छा रिजल्ट लाने के लिए प्रोत्साहित किया और गणित, भौतिकी, रसायन जैसे विषयों के सूत्र आदि का अभ्यास कर उत्तर लिखने और परीक्षा के अवधि में तनाव नहीं लेने के टिप्स दिए। इसी प्रकार शिक्षिकों को पिछले 5 साल के प्रश्न पत्रों का अच्छा पढ़ाई कराने और अभ्यास कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे उपस्थित थे।

# भारत स्काउट गाइड का हुआ प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में भारत स्काउट गाइडस का द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। जानकारी अनुसार 8 से 11 दिसंबर तक आयोजित उक्त प्रशिक्षण शिविर में सिमगा विकासखंड के हथबंद, भटभेरा, झीपन, सुहेला, मुड़पार, बीटकुली, जरौद और नेवारी आदि विभिन्न मिडिल व हाई स्कूलों से लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया। इस बारे में भारत स्काउट एवं गाइड के पदाधिकारी इनूराम वर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में विद्यार्थियों ने अनुशासन एकता, स्वावलंबी, सेवा, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन शैली आदि विभिन्न गुणों का ज्ञान प्राप्त किया। साथ ही अगले पड़ाव के लिए भी तैयार हुए। गौरतलब है कि शिविर आयोजन में विशेष रूप से ग्राम पंचायत नवापारा का विशेष सहयोग रहा।

शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ, जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढालसिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, प्राचार्य भीष्म कुमार पैकरा, सरपंच डोमार सिंह मारकंडेय, पूर्व सरपंच भुनेश्वर वर्मा, उप सरपंच लोकनाथ वर्मा, संकुल समन्वयक फलेंद्र कैवर्थ, स्काउट गाइड सिमगा स्थानीय संघ के पदाधिकारी चंद्रमणि तिवारी, हेमंत बाघमार, रामकुमार साहू, व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल सहित स्काउट एवं गाइड के सभी प्रशिक्षक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## तोष कुमार बने पुलिस आरक्षक



**बगबुडा।** लवन से लगा ग्राम बगबुड़ा में किसान का बेटा तोष कुमार का आरक्षक पद पर चयन हुआ। इस उपलब्धि पर उन्हें पूरे ग्रामीणों ने फूलमाला, गुलाल, नारियल भेंट किया। सरपंच और पंचों ने भी हर्ष जताया। इस उपलब्धि पर परिजन सहित मित्रों ने बधाई दी।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
● सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
● मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
• शैक्षणिक योग्यता : 12वीं / स्नातक
• अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में एवं कम्प्यूटर (अनुभवी को प्राथमिकता)
• कौशल : उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
• वेतन : आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
• स्थान : रायपुर (छ.ग.)
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com
एच.आर.
9303492276
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
बलौदाबाजार शहर 5 पद
भाटापारा शहर 5 पद
कसडोल 2 पद
बिलाईगढ़ 2 पद
योग्यता
12वीं से स्नातक
वेतन
15000/-
हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, बिलाईगढ़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो,डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : अंबेडकर चौक, बजरंग होटल के सामने, बलौदाबाजार, मो. 9926204007
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)